web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 19 जुलाई 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 292

# चंडीगढ़ से रवाना हुई डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के कई डिब्बे पटरी से उतरे, 4 की मौत, रेस्क्यू आपरेशन जारी

**गोंडा । आरएनएस**

उत्तर प्रदेश के गोंडा में आज दोपहर भीषण रेल हादसा हो गया। यहां गोरखपुर होते हुए चंडीगढ़ से असम के डिब्रूगढ़ जा रही चंडीगढ़ एक्सप्रेस के कई डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसे के बाद रूट पर आने वाली ट्रेनें बाधित हो गईं। घटना गोरखपुर रेल खंड के मोतीगंज बॉर्डर की है। हादसे में अब तक 4 यात्रियों की मौत की खबर है। 20-25 यात्री घायल हैं। अभी इनकी आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। हादसे की सूचना मिलते ही रेलवे के अफसर मौके पर पहुंच गए हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हो गया है। ट्रेन चंडीगढ़ से आ रही थी। हादसा झिलाही रेलवे स्टेशन के बीच गोसाई डिहवा में हुआ है।



डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस (15904) चंडीगढ़ से चलकर डिब्रूगढ़ तक जाती है। गुरुवार को यह ट्रेन रात 11:39 बजे चंडीगढ़ से रवाना हुई। गुरुवार दोपहर गोंडा और बस्ती के बीच झिलाही स्टेशन के पास गाड़ी पहुंची तो ट्रेन डिरेल हो गई। इसके बाद ट्रेन की बोगियां पलट गईं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी गोंडा में हुए ट्रेन हादसे का संज्ञान लिया है। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। सीएम योगी ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के भी निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

## गोंडा रेल हादसे के बाद कई ट्रेन रद्द, यात्रियों के लिए स्पेशल रेक और बस की सुविधा

*उत्तर प्रदेश के गोंडा में गुरुवार दोपहर को हुए रेल हादसे के बाद कई ट्रेन कैंसिल कर दी गई है। जबकि, कई ट्रेनों के मार्ग परिवर्तित किए गए हैं। मौके पर राहत और बचाव का कार्य चल रहा है। यात्रियों के लिए स्पेशल रेक और बस की सुविधा मुहैया कराई गई है।*

*यात्रियों को बस से पास के ही मनकापुर स्टेशन ले जाया जाएगा, जहां से उन्हें दूसरी ट्रेन में बैठाकर रवाना किया जाएगा।*

*रेल मंत्रालय से मिली जानकारी के मुताबिक अब तक दो ट्रेन कैंसिल की गई है और 11 ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित किया गया है। गोंडा स्टेशन गोरखपुर, बिहार, असम के लिए एक मुख्य मार्ग है। जहां से रोजाना सैकड़ों ट्रेनें गुजरती हैं। इस हादसे के बाद रेलवे ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं। जिस पर लोग कॉल कर अपने परिवारजनों का हाल-चाल और उनकी लोकेशन जान सकते हैं।*

*बता दें कि चंडीगढ़ से असम जा रही डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के कुछ डिब्बे पटरी से उतर गए। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे के तमाम उच्च अधिकारी मौके पर पहुंच गए और रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।*

*रेलवे की तरफ से डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के यात्रियों के लिए स्पेशल रेक की व्यवस्था की गई है। स्पेशल ट्रेन मनकापुर से डिब्रूगढ़ के लिए प्रस्थान करेगी। इस घटना पर लगातार रेल मंत्रालय अपनी नजर बनाए हुए है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी घटना का संज्ञान लेते हुए राहत और बचाव कार्य के निर्देश दिए।*

*इस खंड पर चलने वाली 15707 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तन कर मनकापुर-अयोध्या-बाराबंकी के रास्ते चलाई जा रही है। वहीं, 15653 गुवाहाटी-श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तन कर मनकापुर-अयोध्या-बाराबंकी के रास्ते चलाई जा रही है।*

*रेल यात्रियों की मदद एवं अन्य जानकारी के लिए रेलवे ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं।*

*गोंडा - 8957400965*
*लखनऊ - 8957409292*
*सीवान - 9026624251*
*छपरा - 8303979217*
*देवरिया सदर 8303098950*

## महत्वपूर्ण एवं खास

### धोती पहने किसान को एंट्री देने से इनकार करने पर सरकार सख्त, मॉल पर हुई तालाबंदी

**बेंगलुरु (आरएनएस)।** कर्नाटक के बेंगलुरु शहर के प्रसिद्ध जीटी मॉल पर सरकार ने एक्शन ले लिया है। किसान को मॉल में प्रवेश न दिए जाने के मामले पर सिद्धारमैया सरकार ने मॉल को सात दिनों के लिए बंद रखने का आदेश दिया है। दरअसल, कुछ दिन पहले एक किसान अपने बेटे के साथ जीटी मॉल फिल्म देखने पहुंचा था। लेकिन बुजुर्ग किसान के धोती पहने होने के कारण उसे मॉल में एंट्री नहीं दी गई। सुरक्षाकर्मियों ने किसान को वहां से वापस जाने के लिए कह दिया। देश के अन्नदाता के साथ इस तरह का अमानवीय व्यवहार हैरान करने वाला रहा। किसान के साथ इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, और लोगों ने इसका काफी विरोध किया। इस मुद्दे को कर्नाटक विधानसभा सत्र में भी उठाया गया। कर्नाटक के शहरी विकास मंत्री बिरथी सुरेश ने मॉल प्रबंधन के खिलाफ एक्शन का आश्वासन दिया। गुरुवार को कर्नाटक विधानसभा में उन्होंने कहा कि मैंने इस मामले में बेंगलुरु महानगर पालिका को मॉल के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दे दिए हैं। सरकार ने मॉल को सात दिनों तक बंद करने का आदेश दिया है।

### खदान में डूबने से दो भाईयों की मौत

**श्योपुर (आरएनएस)।** जिले के ओछापुर की खदान में दो नाबालिगों की डूबने से मौत हो गई। दोनों चचेरे भाई थे। 12 साल का बच्चा खदान के पास खड़ा था, उसका पैर फिसला और पानी में जा गिरा। ये देख 17 साल का उसका भाई बचाने के लिए पानी में कूद गया। ओछापुरा में मौ रोड के पास अवैध पत्थर खदान है। ओछापुरा थाना प्रभारी जय सिंह रघुवंशी ने बताया बुधवार सुबह करीब नौ बजे धर्मेन्द्र (12) और रामावतार माली (17) रिश्तेदार के साथ बकरियां चलाने खदान के पास चले गए थे, जब बकरियों को पानी पिलाने लगे तो धर्मेंन्द्र का पैर फिसला और वह डूबने लगा। भाई को डूबता देखकर रामावतार भी खदान में कूद गया। दोनों को ही तैरना नहीं आता था। जब तक लोग वहां पहुंचे दोनों की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम करर शवों को पीएम के लिए भेज दिया है।

### कम नहीं हो रही ट्रेनी आईएएस की मुश्किलें, पुणे पुलिस ने पूजा खेडकर की मां को हिरासत में लिया

**मुंबई (आरएनएस)।** लंबे समय से विवादों में घिरी पूजा खेडकर की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। पिछले दिनों उनकी मां भी विवादों में आई थीं जब उनके हाथ में पिस्टल लहराते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। इस घटना के बाद से ही पूजा की मां और पिता दोनों ही फरार चल रहे थे। वहीं, पुणे ग्रामीण पुलिस ने इस मामले को लेकर बड़ा अपडेट दिया है। पुणे ग्रामीण पुलिस के एसपी पंकज देशमुख ने बताया कि आईएएस प्रशिक्षु पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर को महाड से हिरासत में लिया गया है। बता दें कि कथित तौर पर किसानों को धमकाने के मामले में पूजा खेडकर के पैरेंट्स के खिलाफ स्नढ्ढक्र दर्ज हुई थी। इसके बाद पुणे पुलिस ने कहा था कि आरोपी गायब हैं और उनके फोन भी बंद हैं। पुणे ग्रामीण एसपी पंकज देशमुख ने बताया था, 'आरोपी फरार हैं। हम उनसे संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन पहुंच नहीं पा रहे हैं क्योंकि उनके फोन बंद हैं। हम उनके घर पर भी पहुंचे, लेकिन वे वहां नहीं थे।'

# जम्मू-कश्मीर को लेकर केंद्र की बड़ी बैठक, कुपवाड़ा में दो आतंकी ढेर

**श्रीनगर । आरएनएस**

सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में गुरुवार को नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की कोशिश नाकाम करते हुए दो आतंकवादियों को मार गिराया। वहीं, दिल्ली में पीएम नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में सीसीएस की बैठक हुई है, जिसमें जम्मू-कश्मीर के हालात पर लंबी चर्चा की गई।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इलाके में घुसपैठ की खुफिया सूचना के आधार पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा था। तलाशी अभियान के दौरान वहां छिपे हुए आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गयी। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये, मारे गये आतंकवादियों की नहीं की जा सकी है। अभियान अभी जारी है तथा इलाके में कुछ और आतकंवादियों के छिपे होने की आशंका है। अभियान के बारे में सेना या पुलिस की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। पिछले चार दिन में केरन सेक्टर में यह दूसरी गोलीबारी है। इससे पहले 14 जुलाई को तीन आतंकवादी मारे गये थे, जब वे घाटी में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे थे। दिल्ली में आज कैबिनेट की सुरक्षा मामलों की समिति ष्टष्टस् की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण समेत कई आला अधिकारी मौजूद थे। सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय सुरक्षा समिति की यह बैठक काफी लंबी चली और इस बैठक में जम्मू में बढ़ रहे आतंकी हमलों पर विस्तार से चर्चा हुई। माना जा रहा है कि आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए सरकार ठोस रणनीति बना रही है, जिसका असर आने वाले कुछ दिनों में दिखाई दे सकता है।

# पंजाब में आतंकी मॉड्यूल का भंडाभोड़, अमृतसर से बब्बर खालसा का सदस्य गिरफ्तार; हथियार बरामद

**अमृतसर । आरएनएस**

पंजाब पुलिस ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। इस तरह पुलिस ने खालिस्तानी समर्थित गिरोह के अंतर्राष्ट्रीय मॉड्यूल को तोडऩे में कामयाबी हासिल की है। पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने एक्स पर ट्वीट करते हुए कहा कि खुफिया जानकारी पर आधारित एक ऑपरेशन में, पंजाब पुलिस ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) समर्थित आतंकी मॉड्यूल के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। इसके पकड़े जाने से संभावित लक्षित



हत्याओं को टाल दिया गया है।

**अमृतसर से किया गया गिरफ्तार-** राज्य विशेष ऑपरेशन सेल (अमृतसर) ने अमेरिका में मौजूद आतंकवादी हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया और इटली मौजूद सहयोगी रेशम सिंह के एक गुर्गे को अमृतसर से गिरफ्तार किया है।शुरुआती जांच से पता चला है कि आरोपी अपने विदेशी संचालकों के निर्देश पर अवैध गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे। इनसे एक पिस्तौल, 2 मैगजीन, नौ जिंदा कारतूस और एक खाली गोली का खोल बरामद हुआ है।

**एजीटीएफ ने चलाया संयुक्त अभियान**

एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने राजस्थान पुलिस व बठिंडा पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान में बीते दिन लॉरेंस गैंग के तीन गुर्गे गिरफ्तार किए हैं। तीनों आरोपित बिश्नोई व अमेरिका में बैठे गोल्डी बराड़ के लिए काम करते हैं। पुलिस ने यह गिरफ्तारी करके प्रतिद्वंद्वी गिरोहों में खूनी लड़ाई टाल दी है।

गिरफ्तार आरोपितों के पास से पुलिस टीमों ने .32 बोर की दो पिस्तौल और छह कारतूस बरामद किए हैं। यादव ने कहा कि एडीजीपी प्रमोद बान की समग्र देखरेख में एजीटीएफ टीमों ने बठिंडा पुलिस टीमों और राजस्थान पुलिस के सहयोग से आरोपित हरचरणजीत सिंह को गिरफ्तार किया जो मानसा पुलिस को भी वांछित था।

# रुद्रप्रयाग में कोटेश्वर के पास खाई में गिरी कार, 2 की मौत और 4 घायल

**रुद्रप्रयाग । आरएनएस**

उत्तराखंड में गुरुवार को रुद्रप्रयाग के चोपता-डूंगरी मोटर मार्ग पर कोटेश्वर के पास एक दर्दनाक सडक़ हादसा हुआ। एक कार अचानक अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी, जिसमें कार सवार 6 लोगों में से 2 की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि 4 अन्य लोग घायल हो गए।



एसडीआरएफ ने सभी घायलों का रेस्क्यू कर उन्हें अस्पताल भेजा है, जहां चारों घायलों का इलाज चल रहा है। साथ ही मृतकों के शव भी एसडीआरएफ ने खाई से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिए हैं।

इस हादसे में मरने वाले और घायल सभी एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। सभी मृतकों और घायलों की पहचान रुद्रप्रयाग के डूंगरी गांव के निवासी के रूप में हुई है।

गुरुवार को रुद्रप्रयाग जिले के कोटेश्वर के पास चोपता-डूंगरी मार्ग पर एक कार अचानक अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। जब ये हादसा हुआ तब कार में 6 लोग सवार थे जो एक ही परिवार के थे। जिसमें इस गाड़ी में 4 महिलाएं और 2 पुरुष थे।

पुलिस ने बताया कि गुरुवार को उन्हें आपदा कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि कोटेश्वर के पास चोपता-डूंगरी मार्ग पर एक वाहन 150 मीटर गहरी खाई में गिर गया है। इसके बाद तुरंत पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू कार्य शुरू किया।

एसडीआरएफ की टीम ने बड़ी मुश्किल से रस्सी के सहारे खाई में उतर कर स्ट्रेचर की मदद से हादसे में घायल 4 लोगों को बाहर निकाला। जब एसडीआरएफ की टीम खाई में उतरी थी तब तक 2 महिलाओं की मौत हो चुकी थी। जिसके बाद टीम ने उन मृतक महिलाओं के शव को भी खाई से बाहर निकाला और पुलिस के हवाले कर दिया।

इस हादसे में देवेश्वरी देवी (45 वर्ष), पूजा (27) वर्ष गंभीर रूप से घायल हुई हैं जबकि पुरुषों में जीत पाल (50 वर्ष), बुद्धि लाल (70 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हैं। कल्पेश्वरी (58 वर्ष) और आरती (24 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई।

# किडनी रैकेट : दिल्ली पुलिस ने नोएडा के सीएमओ और दो अस्पतालों को दी क्लीन चिट, जांच अब भी जारी

**नोएडा । आरएनएस**

दिल्ली पुलिस के क्राइम ब्रांच ने किडनी रैकेट कांड मामले में गौतमबुद्ध नगर के सीएमओ डॉक्टर सुनील कुमार शर्मा और दो अस्पतालों यथार्थ और अपोलो को क्लीन चिट दे दी है।

दिल्ली पुलिस की तरफ से इन सभी से जवाब मांगा गया था और अंग प्रत्यारोपण से संबंधित कागजात तलब किए गए थे। सभी कागजात की जांच करने के बाद फिलहाल दिल्ली पुलिस ने इन्हें शक के दायरे से अलग कर दिया है। लेकिन इस मामले में जांच अभी जारी है।



पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में कई अहम खुलासे किए हैं। जिनमें यह बताया गया है कि ये लोग कैसे किडनी ट्रांसप्लांट के लिए फाइल तैयार करते थे और उस फाइल को तैयार करने में जो पेपर लगाए जाते थे वह बिल्कुल असली लगते थे और उन पर सभी मंजूरी मिली होती थी। इन्हें देखकर कोई भी गड़बड़ी का पता नहीं लगा सकता है।

फिलहाल पुलिस के मुताबिक इस पूरे मामले में डॉक्टर विजया और उनके निजी सचिव और कई दलालों की अहम भूमिका सामने आई है। इस गिरोह का तरीका किडनी कांड के लिए बहुत अलग होता था।

यह लोगों को नौकरी दिलाने के नाम पर भारत लेकर आते थे। यहां पर उनका पासपोर्ट रख लिया जाता था। धीरे-धीरे उन्हें लालच देकर और मजबूर करके किडनी ट्रांसप्लांट के लिए तैयार किया जाता था और फिर किडनी प्राप्तकर्ता के पेपर तैयार किए जाते थे। अब तक इस गिरोह ने कितने लोगों की किडनी बदली है इसकी जांच की जा रही है और आंकड़े जुटाए जा रहे हैं।

सूत्रों की माने तो करीब 500 लोगों का किडनी बदलवाने का काम इस गिरोह ने किया है।

# लंग कैंसर के मरीज को मिलेगी नई जिंदगी, करोड़ों की लागत वाली ट्रांसप्लांट थेरेपी मुफ्त देंगे डॉक्टर

**रांची । आरएनएस**

तकरीबन साढ़े तीन साल से फोर्थ स्टेज के लंग्स कैंसर से जूझ रहे झारखंड के पत्रकार रवि प्रकाश की जिंदगी में मुंबई स्थित टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल के दो डॉक्टरों की वजह से उम्मीदों की एक नई रोशनी दाखिल हुई है।

इस हॉस्पिटल के मेडिकल ऑन्कोलॉजी के प्रोफेसर और एचओडी डॉ कुमार प्रभाष और उनके प्रोफेसर डॉ विजय पाटिल ने उनका इलाज एक ऐसी ट्रांसप्लांट थेरेपी के जरिए नि:शुल्क करने का फैसला किया है, जिसकी लागत करीब साढ़े चार लाख अमेरिकी डॉलर है। भारतीय मुद्रा में यह रकम करीब पौने पांच करोड़ रुपए है।

खास बात यह है कि रवि प्रकाश भारत के संभवत: दूसरे मरीज होंगे, जिनका इलाज इस ट्रांसप्लांट थेरेपी के जरिए होगा। इस थेरेपी को मेडिकल भाषा में 'कार टी सेल थेरेपी' के नाम से जाना जाता है।

रवि प्रकाश बताते हैं कि लंग्स कैंसर का उनका संक्रमण उनके दिमाग तक पहुंच चुका है और इसके लिए उन्हें रेडिएशन लेना पड़ा है। उनका कैंसर पहले नॉन स्मॉल था, जो अब स्मॉल सेल में बदल गया है और इस बदलाव ने उनके इलाज के विकल्प सीमित कर दिए। इस स्थिति में इलाज के लिए कोई तय प्रोटोकॉल नहीं है। स्थिति यह कि उनके सामने मौत के इंतजार के सिवा रास्ता नहीं, लेकिन ऐसे ही वक्त पर डॉ कुमार प्रभाष और डॉ विजय पाटिल ने उनके 'कार टी सेल थेरेपी' का भारी लागत वाला विकल्प उनके सामने रखा। पर, उन्होंने यह थेरेपी मुफ्त में करने की पहल की है।

रवि प्रकाश कहते हैं, मेरे लिए यह रकम इतनी बड़ी है कि शायद मैं मौत को चुनता, इस थेरेपी को नहीं। इस थेरेपी से भारत में पहला ट्रांसप्लांट डॉ विजय पाटिल ने ही किया था। रविप्रकाश को यह ट्रांसप्लांटेशन ठाणे (मुंबई) के टाइटन मेडिसिटी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में किया जाएगा। इसके लिए वह 22 जुलाई को मुंबई रवाना होंगे।

# नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई का बड़ा एक्शन, पटना एम्स के 3 डॉक्टर हिरासत में लिए; लैपटॉप और मोबाइल जब्त

**नई दिल्ली । आरएनएस**

नीट पेपर लीक मामले में आज होनी वाली सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई से पहले सीबीआई को बड़ी सफलता मिली है। सीबीआई पेपर लीक गिरोह के सॉल्वर्स कनेक्शन तक पहुंच गई है और इस मामले में सीबीआई ने पटना एम्स के तीन डॉक्टरों को हिरासत में लिया है। सीबीआई तीनों डॉक्टरों को पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई है और ये तीनों डॉक्टर 2021 बैच के मेडिकल स्टूडेंट्स हैं। सीबीआई ने इन तीनों डॉक्टरों के लैपटॉप और मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया है।

सीबीआई ने नीट पेपर लीक होने से लेकर उसे सेटिंग वाले अभ्यर्थियों तक पहुंचाने का पूरा नेटवर्क जोड़ा है। पेपर ले जाने वाले ट्रक से पर्चा उड़ाने वाले पंकज को भी सीबीआई पकड़ चुकी है जिसका हजारीबाग के ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल से कनेक्शन मिला था। हजारीबाग के इसी स्कूल से पेपर संजीव मुखिया तक पहुंचा था। मंगलवार को ही नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने ने दो लोगों को गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने पटना से पंकज कुमार और झारखंड के हजारीबाग से राजू सिंह नाम के शख्स को गिरफ्तार किया था। पंकज पर हजारीबाग में ट्रक से से पेपर चोरी करने और आगे बांटने का आरोप है। वहीं राजू सिंह ने पेपर को आगे लोगों को देने में मदद की थी। नीट पेपर लीक का मास्टरमाइंड संजीव मुखिया अभी फरार चल रहा है, मुखिया पेपर लीक करवाने का सबसे बड़ा माफिया है, बिहार के अलावा देश के अलग अलग राज्यों में फैले पेपर लीक माफियाओं से संजीव मुखिया की सांठगांठ है, मुखिया कई पेपर लीक करवा चुका है।

## एनटीए मामले में सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेश, शहर और सेंटर वाइज ऑनलाइन डालें रिजल्ट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए को निर्देश दिया कि सभी छात्रों के परिणाम शहरवार और केंद्रवार शनिवार दोपहर 12 बजे तक ऑनलाइन अपलोड किए जाने चाहिए। कोर्ट ने सोमवार तक काउंसलिंग पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। एसजी ने कहा, 'काउंसलिंग में कुछ समय लगेगा। यह 24 जुलाई के आसपास शुरू होगी।' सीजेआई ने कहा, 'हम सोमवार को ही सुनवाई करेंगे।' मामले की सुनवाई करते हुए सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि हर सेंटर के लिए अलग-अलग रिजल्ट घोषित किया जाएं। अब मामले की अगली सुनवाई सोमवार को होगी। इस दौरान बिहार पुलिस और ईओडल्यू की भी रिपोर्ट सीजेआई ने मांगी है। सुनवाई के दौरान एनटीए ने कोर्ट को बताया कि नीट यूजी की काउंसलिंग की शुरुआत 24 जुलाई से हो जाएगी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुनवाई के दौरान अनुरोध किया कि परीक्षा केंद्रों का खुलासा नहीं किया जाना चाहिए, लेकिन कोर्ट ने कहा कि केंद्रवार रिजल्ट नंबरों के पैटर्न के बारे में बताएगा।